Adda247 GET IT ON Google Play

SEAL

17/NVL/M-2025-01(I)

पुस्तिका श्रृंखला

**I**

Serial No. 1215425

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

प्रश्न-पुस्तिका

पत्र – I

# हिन्दी

(वस्तुनिष्ठ)

**समय : 2 घण्टे 15 मिनट**

**पूर्णांक : 400**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **100** प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको उत्तर पत्रक प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिया गया है। **अपने उत्तर पत्रक के निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक लिखे एवं कूटबद्ध करें तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पत्रक की जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के ऊपर बायीं ओर मुद्रित श्रृंखला एवं उत्तर पत्रक पर मुद्रित श्रृंखला समान है। कृपया यह भी जाँच लें कि पुस्तिका में रफ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ सं. 15 और 16) सहित पूरे 16 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ या प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर पुस्तिका में मुद्रित श्रृंखला में अन्तर तो नहीं है। पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पत्रक में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले, इसी श्रृंखला की दूसरी सही पुस्तिका एवं ओ.एम.आर पत्रक ले लें।**
5. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
6. इस प्रश्न-पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर – (A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
7. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** कोष्ठक इस प्रकार बने हुए हैं – Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ । प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक** कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में अंकित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक कोष्ठक में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को अंकित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
8. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक की कटौती की जाएगी।
9. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
10. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
11. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष को छोड़ें।

SEAL

Adda247

# Test Prime

**ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION**

**1,00,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

**25,000+** Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

Adda247
GET IT ON Google Play

1215425
1215425
1215425
1215425
1215425
1215425

Adda247

Adda247

GET IT ON Google Play

निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 20 तक) : निम्नलिखित वाक्य तीन अलग-अलग भागों में विभाजित है। इन्हें सावधानी के साथ पढ़ने के बाद अशुद्ध अंश की पहचान करके (A), (B), (C) में से त्रुटि से संबंधित अक्षर को उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो (D) के माध्यम से सूचित कीजिए।

1. आपका दर्शन (A) अत्यंत (B) सुखकर है। (C)
कोई त्रुटि नहीं। (D)

2. कविता की भाषा (A) सरल, सहज (B)
और सुबोधपूर्ण है। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

3. शरीर के (A) भीतर (B) कई अंग होते हैं। (C)
कोई त्रुटि नहीं। (D)

4. आप (A) आपका (B) काम करो। (C)
कोई त्रुटि नहीं। (D)

5. फिलहाल में (A) वह (B) दिल्ली गया है। (C)
कोई त्रुटि नहीं। (D)

6. मैं (A) प्रातःकाल के समय (B) पढ़ता हूँ। (C)
कोई त्रुटि नहीं। (D)

7. उनके पास (A) बहुत (B) सोना है। (C)
कोई त्रुटि नहीं। (D)

8. किसी को (A) क्षमा करने में ही (B) बड़ाईपन है। (C)
कोई त्रुटि नहीं। (D)

9. दिवाल (A) बहुत (B) मजबूत है। (C)
कोई त्रुटि नहीं। (D)

10. आपका (A) विशेष (B) कृपा है। (C)
कोई त्रुटि नहीं। (D)

12154425

Adda247 GET IT ON Google Play

11. हम लोग (A) कहीं (B) जा रहे हैं। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

12. ब्राह्मण (A) ब्रह्म के (B) मुख से उत्पन्न हुए। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

13. मेरे रहते (A) यह काम (B) हो जाएगा। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

14. वे मुख से (A) प्रेमपूर्वक से (B) बोले। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

15. भलाई (A) करते (B) बूराई होती ही है। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

16. दुर्गंधता (A) के मारे (B) वहाँ बैठना मुश्किल था। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

17. दर्शक (A) की भीड़ (B) बढ़ गई। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

18. बकरियों ने (A) खेत का खेत (B) चर लिया। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

19. वे उसे (A) चोरी करते हुए (B) पकड़े। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

20. वह (A) उड़ती हुई चिड़ियों (B) पहचानता है। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

12154425

Adda247

GET IT ON Google Play

निर्देश (प्रश्न संख्या 21 से 30 तक) : निम्नलिखित वाक्यों में से प्रत्येक वाक्य का एक शब्द रेखांकित है। हर रेखांकित शब्द के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने एक-एक शब्द लिखा गया है। इनमें से, रेखांकित शब्द से अर्थ की दृष्टि से, जो वैकल्पिक शब्द अधिक निकट हो, उसे उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**21.** जसोदा हरि पालनै भुलावै।

(A) पोसना

(B) दुलराना

(C) पालना

(D) माला

**22.** केसर रो तिलक माल लोचन सुखदाई।

(A) नयन

(B) धारण

(C) कंठ

(D) टीका

**23.** कपोल अल्का लहराई।

(A) बाल

(B) गाल

(C) आंख

(D) कुंडल

**24.** मीरा प्रभु संतन सुखदाई भगत बछल गोपाल।

(A) बछड़ा

(B) बिछुए

(C) वत्सल

(D) भक्त

**25.** किसलय का अंचला डोल रहा।

(A) डाली

(B) तना

(C) पल्लव

(D) फूल

**26.** मधु मुकुल नवल रस गागरी।

(A) कली

(B) फग

(C) फल

(D) कंद

**27.** स्यामु हरित – दुति होई।

(A) दो

(B) आभा

(C) रंग

(D) झलक

**28.** पगधूरि को भूरि प्रभाउ महा है।

(A) महत्व

(B) स्वभाव

(C) धूल

(D) प्रभाव

**29.** श्रम सीकर सांवरि देह लसै।

(A) सांवला

(B) संकरा

(C) पसीना

(D) शोभा

**30.** बिकटी भुकुटी बड़री अंखिया।

(A) आँखें

(B) भौंहें

(C) नाक

(D) होंठ

Adda247
GET IT ON Google Play

निर्देश (प्रश्न संख्या 31 से 40 तक) : निम्नलिखित वाक्य या वाक्यांशों के लिए चार-चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिए गए हैं। इनमें से जो विकल्प आपको वाक्य या वाक्यांश के अर्थ के सर्वाधिक निकट लगे, उसको चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**31.** बरसात के चार महीने

(A) चतुर्मास

(B) वर्षा ऋतु

(C) पराधीनता

(D) जलजात

**32.** मूल बात को संक्षेप में लिखना

(A) टिप्पणी

(B) सारांश

(C) सार

(D) रिपोर्ट

**33.** जिसे कभी बुढ़ापा न आए

(A) अगम

(B) अग्रज

(C) अजर

(D) अमर

**34.** जिसके पास कुछ न हो

(A) अकिंचन

(B) अचेतन

(C) अगेय

(D) वध्य

**35.** जो कानून के प्रतिकूल हो

(A) अवैध

(B) कानूनी

(C) वैध

(D) विधिसम्मत

**36.** जो कष्ट से निवारित किया जा सके

(A) दुर्निवार

(B) अनिवार्य

(C) अनिवार

(D) निवारणीय

**37.** जो सबमें व्याप्त है

(A) ईश्वर

(B) भगवान

(C) सर्वव्यापी

(D) सर्वशक्तिमान

**38.** जो सबसे आगे गिनाने लायक हो

(A) अग्रगण्य

(B) अग्रसारित

(C) अग्रिम

(D) अग्रसर

**39.** जो नहीं हो सकता

(A) उऋण

(B) अतर्क्य

(C) असंभव

(D) कठिन

**40.** पीछे पीछे चलने वाला

(A) अनुगामी

(B) अनुगमन

(C) अनुधावन

(D) अनुमोदन

1215425 1215425 1215425 1215425 1215425

Adda247
GET IT ON Google Play

निर्देश (प्रश्न संख्या 41 से 50 तक) : निम्नलिखित तत्सम शब्दों के लिए चार-चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिए गए हैं। इनमें से शुद्ध तद्भव शब्द वाले विकल्प को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

41. संपत्ति
(A) संपदा
(B) धन
(C) वैभव
(D) संधि

42. मंत्रणा
(A) सलाह
(B) मंत्री
(C) मंथन
(D) मथना

43. मोद
(A) लड्डू
(B) मद
(C) लाडु
(D) खुशी

44. पात्र
(A) वर्तन
(B) पत्र
(C) चिट्ठी
(D) भंडार

45. काया
(A) अंग
(B) आवृति
(C) छाया
(D) शरीर

46. गोष्ठी
(A) समागार
(B) बैठक
(C) सम्मेलन
(D) जुटान

47. मिष्टान्न
(A) मिठाई
(B) मुख
(C) मुंह
(D) मिष्ठी

48. आवृत्ति
(A) दमन
(B) दण्ड
(C) दोष
(D) दुहराव

49. मृत्यु
(A) मौत
(B) देहांत
(C) दण्ड
(D) आयु

50. कटि
(A) काटना
(B) जांघ
(C) कमर
(D) पैर

12154251215425121542512154251215425
Adda247

Adda247

GET IT ON Google Play

निर्देश (प्रश्न संख्या 51 से 70 तक) : निम्नलिखित मुहावरों के लिए विकल्प (A), (B), (C) और (D) में प्रस्ताविक विकल्पों में से अर्थ की दृष्टि से सर्वाधिक सटीक उत्तर को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

51. गर्दन उठाना

(A) प्रतिवाद करना

(B) उदार होना

(C) इज्जत से जीना

(D) सावधान हो जाना

52. सिर उठाना

(A) पगला जाना

(B) विरोध में खड़ा होना

(C) पीछे पड़ना

(D) बहस करना

53. बात का धनी

(A) बहस में निष्णात

(B) वायदें का पक्का

(C) संतोष करना

(D) बात रखना

54. लोहा मानना

(A) श्रेष्ठ समझना

(B) कड़ा हो जाना

(C) झूठ बोलना

(D) डराना

55. भाड़े का टट्टू

(A) पैसे का गुलाम

(B) घूस देना

(C) पक्ष में लड़ना

(D) गला दबाना

56. वांछें खिलना

(A) अत्यंत प्रसन्न होना

(B) धाक जमाना

(C) भयभीत करना

(D) जीत जाना

57. पगड़ी रखना

(A) इज्जत दांव पर लगाना

(B) इज्जत बचाना

(C) इज्जत करना

(D) मर्यादा में रहना

Adda247
GET IT ON Google Play

58. पौ बारह होना

(A) पूछना

(B) खुशी मिलना

(C) कहीं का न रहना

(D) खूब लाभ होना

59. तीन तेरह होना

(A) तितर-बितर होना

(B) बढ़ोत्तरी होना

(C) प्रभाव जमाना

(D) कोशिश करना

60. तूती बोलना

(A) बेमुरव्वत होना

(B) स्पष्ट कहना

(C) प्रभाव जमाना

(D) लाभ होना

61. टाट उलटना

(A) दिवाला निकलना

(B) साहसिक कार्य

(C) शर्मिंदा करना

(D) अपमानित करना

62. टांग अड़ाना

(A) बाधा डालना

(B) घमंड तोड़ना

(C) पराजित करना

(D) बेतुकी बातें करना

63. गांठ में बांधना

(A) खूब याद करना

(B) धन जमा करना

(C) क्रोधित होना

(D) सुस्त पड़ना

12154425 12154425 12154425 12154425 12154425
Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

64. खरी-खरी सुनाना

(A) कठिन बात कहना

(B) बढ़ाकर कहना

(C) बेमतलब कहना

(D) कटु सत्य कहना

65. आठ-आठ आँसू रोना

(A) दिखावे का रोना

(B) बुरी तरह पछताना

(C) परेशान होकर रोना

(D) गुस्से में रोना

66. आस्तीन का साँप

(A) प्रतिकूल व्यक्ति

(B) जहरीला व्यक्ति

(C) अच्छा मित्र

(D) कपटी मित्र

67. अपना किया पाना

(A) कर्म का फल भोगना

(B) अकेला होना

(C) पछताना

(D) दुखी होना

68. अन्न लगना

(A) स्वस्थ रहना

(B) उल्टी होना

(C) पेट फूल जाना

(D) दुबला होना

69. एक आँख से देखना

(A) भेदभाव करना

(B) बराबर मानना

(C) कसर रखना

(D) कुछ अच्छा होना

70. आसन डोलना

(A) विचलित होना

(B) परेशान होना

(C) बहाना करना

(D) आत्मनिर्भर होना

12154425
12154425
12154425
12154425
12154425
Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

निर्देश (प्रश्न संख्या 71 से 80 तक) : निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों के लिए विकल्प (A), (B), (C) और (D) के सामने अलग-अलग शब्द दिए गए हैं। इनमें से शुद्ध शब्द को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

71. अनुकर्न
(A) अनुकर्ण
(B) अनुकरण
(C) अनुकरन
(D) अनकरण

72. दुस्राप्य
(A) दुष्राप्य
(B) दुश्राप्य
(C) दुस्राप्य
(D) दुश्पराप्य

73. वैभचार
(A) वैभिचार
(B) व्यभचार
(C) व्याभिचार
(D) व्यभिचार

74. किंकरतबविमूढ़
(A) किंकर्तव्यविमूढ़
(B) किंकरतव्यविमूढ़
(C) किंकर्तवि वीमुढ़
(D) किंकर्तबविमुढ़

75. छुधाकरांत
(A) छुधाक्रांत
(B) क्षुधाक्रांत
(C) क्षुधाआक्रांत
(D) क्षुधाआकरांत

76. कोशाधक्ष
(A) कोसाधक्ष
(B) कोषाध्यक्ष
(C) कोसाध्यक्ष
(D) कोसाधियक्ष

77. दक्छिनाभिमुख
(A) दक्षिणाभिमुख
(B) दक्षिनाभिमुख
(C) दक्षिणाभमूख
(D) दक्षिनाभमुख

78. शासत्रग्य
(A) सास्त्रग्य
(B) शाष्त्रग्य
(C) साष्त्रग्य
(D) शास्त्रज्ञ

79. वियुतपत्ति
(A) व्युत्पत्ति
(B) वियुत्पत्ति
(C) व्युत्पति
(D) व्यूतपति

80. आकरसन
(A) आकर्शन
(B) आकरषन
(C) आकर्षण
(D) आकर्षन

1215425

Adda247

GET IT ON Google Play

निर्देश (प्रश्न संख्या 81 से 100 तक) : निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों के लिए (A), (B), (C) और (D) के रूप में चार विकल्प दिए गए हैं। इनमें से शुद्ध वाक्य को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

81. उसने मुक्तहस्त से धन लुटाया।

(A) उसने हस्त से मुक्त होकर धन लुटाया

(B) वह हस्तमुक्त धन लुटाया

(C) उसने मुक्तहस्त धन लुटाया

(D) वह मुक्तहस्त धन लुटाया

82. राम और श्याम – संबंधी चर्चा।

(A) राम और श्याम से संबद्ध चर्चा

(B) राम और श्याम के संबंधी चर्चा

(C) राम और श्याम के संबद्ध चर्चा

(D) राम और श्याम संबंध चर्चा

83. मुक्त से यह काम संभव नहीं हो सकता।

(A) मुक्त से यह काम संभव नहीं

(B) मेरे से यह काम संभव नहीं है

(C) मेरे से यह काम संभव नहीं हो सकता

(D) मुक्त से यह काम संभव नहीं ही हो सकता है

84. मेरे लिए ठंडी बर्फ और गर्म आग लाओ।

(A) मेरे लिए बर्फ और आग लाओ

(B) मेरे लिए खूब ठंडी बर्फ और गर्म आग लाओ

(C) मेरे लिए ठंड देनेवाली बर्फ और आग लाओ

(D) मेरे लिए बर्फ और गर्म आग लाओ

85. प्रधानाध्यापक लड़के चुनेंगे।

(A) प्रधानाध्यापक लड़कों का चुनाव करेंगे

(B) प्रधानाध्यापक लड़का चुनेंगे

(C) प्रधानाध्यापक लड़कों को चुनेंगे

(D) प्रधानाध्यापक लड़के को चुनेंगे

86. मैं हल करने की तलाश में हूँ।

(A) मैं इस सवाल के हल की तलाश में हूँ

(B) मैं हल ढूंढने की तलाश में हूँ

(C) मैं हल निकालने की तलाश में हूँ

(D) मैं इस सवाल के हल ढूंढने की तलाश में हूँ

Adda247
GET IT ON Google Play

87. हम तो अवश्य ही जायेंगे।

(A) हम तो अवश्य जायेंगे ही

(B) हम तो अवश्य जायेंगे

(C) हम अवश्य जायेंगे ही

(D) हम ही तो अवश्य जायेंगे

88. चाहे जैसे भी हो, तुम वहाँ जाओ।

(A) चाहे जैसे हो, तुम वहाँ भी जाओ

(B) चाहे भी जैसे, तुम वहाँ जाओ

(C) चाहे जैसे हो, तुम वहाँ जाओ

(D) चाहे जैसे भी हो तुम वहाँ ही जाओ

89. साहित्य और जीवन का घोर संबंध है।

(A) साहित्य और जीवन संबंधी हैं

(B) साहित्य और जीवन में घोर संबंध है

(C) साहित्य और जीवन में अभिन्न संबंध है

(D) साहित्य और जीवन का अभिन्न संबंध है

90. हमारी सौभाग्यवती कन्या का विवाह होने जा रहा है।

(A) हमारी सौभाग्यवती कन्या का विवाह होने जा रही है

(B) हमारी आयुष्मती कन्या का विवाह होने जा रहा है

(C) हमारी आयुष्मती कन्या की विवाह होने जा रही है

(D) हमारा सौभाग्यवती कन्या का विवाह होने जा रहा है

91. सारा राज्य उसके लिए एक थाती थी।

(A) सारा राज्य उसके लिए थाती था

(B) सारा राज्य उसके लिए एक थाती था

(C) सारा राज्य का वह एक थाती थी

(D) सारे राज्य का वह एक थाती था

92. ऐसी एकाध बातें और देखने में आती हैं।

(A) ऐसी एकाध बात और देखने में आती है

(B) ऐसी और एकाध बात देखने में आता है

(C) ऐसी एकाध और बात देखने में आता है

(D) ऐसा एकाध बात और देखने में आता है

Adda247
GET IT ON Google Play

93. अभंग एक प्रकार का मराठी छंद होता है।

(A) अभंग एक प्रकार का मराठी छंद है

(B) अभंग एक मराठी छंद है

(C) अभंग भी एक प्रकार का मराठी छंद है

(D) अभंग मराठी का एक प्रकार का छंद है

94. आजकल वहाँ काफी सरगर्मी दृष्टिगोचर हो रही है।

(A) आजकल वहाँ भी काफी सरगर्मी दृष्टिगोचर है

(B) आजकल वहाँ काफी सरगरमी रहती है

(C) आजकल वहाँ काफी सरगर्मी दिखाई देती है

(D) आजकल वहाँ काफी भी सरगर्मी दिखाई पड़ती है

95. कई रेल्वे के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।

(A) रेल्वे के कई कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई

(B) रेल्वे के कई कर्मचारी की गिरफ्तारी हुई

(C) रेल्वे के कई कर्मचारी का गिरफ्तारी हुआ

(D) कई रेल्वे के कर्मचारियों का गिरफ्तारी हुआ

96. वकीलों ने कागजात का निरीक्षण किया।

(A) वकीलों ने कागजों की परीक्षण किया

(B) वकीलों ने कागजों की जाँच की

(C) वकील कागजातों का निरीक्षण किया

(D) वकील कागजातों का जाँच किया

97. यह काम आप पर निर्भर करता है।

(A) यह काम आप पर निर्भर है

(B) यह काम आपके ऊपर निर्भर करता है

(C) यह काम आपके ऊपर निर्भर है

(D) यह काम आपके अपने पर निर्भर करता है

98. हमारे शिक्षक प्रश्न पूछते हैं।

(A) हमारे शिक्षक प्रश्न करते हैं

(B) हमारा शिक्षक प्रश्न पूछता है

(C) हमारे शिक्षक प्रश्न को पूछते है

(D) हमारे शिक्षक प्रश्न कहते हैं

99. मैं गाने की कसरत कर रही हूँ।

(A) मैं गाने की अभ्यास कर रही हूँ

(B) मैं गाने का कसरत कर रही हूँ

(C) मैं गाने की रियाज कर रही हूँ

(D) मैं गाने का रियाज कर रही हूँ

100. वहाँ भारी-भरकम भीड़ जमा थी।

(A) वहाँ भारी भीड़ लगी थी

(B) वहाँ भारी - भरकम भीड़ जमा था

(C) वहाँ भारी भीड़ लगा था

(D) वहाँ भारी से भरकम भीड़ इकट्ठा था

12154425 12154425 12154425 12154425 12154425 Adda247

रफ़ कार्य के लिए स्थान

1215425

1215425

1215425

1215425

1215425